कार्यालय नीलामी समिति जनपद न्यायालय देवरिया ।

नीलामी सूचना ।

माननीय महोदय के आदेश दिनांकित- 16.05.2022 के अनुपालन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मठ बरडीहा दल के मौजा डम्बरपुर स्थित बाग में 02 अदद आम के सूखे पेड़ तथा 02 अदद महुआ के सूखे पेड व 01 अदद आम व 01 अदद महूआ के गिरे हुए डालियो की नीलामी दिनांक 01.09.2022 को अपराह्न 4:30 बजे दस कक्षीय भवन जनपद न्यायालय देवरिया के सभागार कक्ष मे नीलामी समिति के समक्ष होगी । उक्त नीलामी की बोली हेतु कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग ,देवरिया द्वारा उक्त वृक्षों के मूल्यांकन के पश्चात निर्धारित धनराशि में 10 प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि को समायोजित करते हुए बोली प्रारम्भ की जाएगी । इच्छुक फर्म / ठेकेदार प्रकाशन की तिथि से दिनांक 01.09.2022 के बीच किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 4 बजे के मध्य उक्त वृक्षो एवं डालियों का स्थलीय निरीक्षण कर शर्तो के अधीन नीलामी में भाग ले सकते है ।

नीलामी की शर्ते निम्नवत् हैः-

1- नीलामी में भाग लेने वाला व्यक्ति जनपद न्यायालय का कर्मचारी अथवा समिति के सदस्यगण या उनका कोई नातेदार नही होना चाहिए ।

2- नीलामी में भाग लेने हेतु मु०-5000/-रु- (पाँच हजार रुपये मात्र) बतौर जमानत धनराशि जमा करना होगा ।

3- नीलामी संतोषजनक सम्पन्न होने पर अंतिम बोली बोलने वाले बोलीदाता को नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि तत्काल जमा करना होगा ।

4- नीलामी स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश,जनपद न्यायालय देवरिया के पास सुरक्षित रहेगा ।

6- उपरोक्त शर्तों के उल्लघन करने पर नीलामी की कार्यवाही निरस्त किया जा सकता है ।

7- वृक्षो के पातन से पूर्व प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग देवरिया से पातन/ ढुलान अनुज्ञा पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा । विना पातन / ढुलान अनुज्ञा पत्र प्राप्त किये वृक्षो का पातन / ढुलान दण्डनीय अपराध होगा ।

8-नीलामी मे भाग लेने हेतु इच्छुक फर्म / ठेकेदार को समस्त आवश्यक प्रपत्र, अधिकृत प्रमाण-पत्र एवं अपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में शपथ-पत्र दाखिल करना अनिवार्य होगा ।

/	/	/
(अशोक कुमार दूबे-II),	**(अजय कुमार),**	**(इन्दिरा सिंह),**
सदस्य,	सदस्य,	अध्यक्ष,
नीलामी समिति,	नीलामी समिति,	नीलामी समिति,
जनपद न्यायालय,	जनपद न्यायालय,	जनपद न्यायालय,
देवरिया ।	देवरिया ।	देवरिया ।

प्रतिलिपि निम्न को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- जनपद न्यायाधीश देवरिया को सूचनार्थ ।

2-अध्यक्ष/सदस्यगण नीलामी समिति को सूचनार्थ ।

3-पुजारी मठ बरडिहा दल जनपद देवरिया को सूचनार्थ

4- जनपद न्यायालय देवरिया के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु ।

5- तहसील रुद्रपुर जनपद देवरिया के सूचनापट्ट पर चस्पा हेतु ।

6- केन्द्रीय नाजिर जजी देवरिया को अन्य सार्वजनिक स्थलो पर चस्पा हेतु ।

7- कम्प्यूटर कक्ष/ सिस्टम ऑफिसर, जनपद न्यायालय देवरिया को जनपद न्यायालय देवरिया के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु ।

8-माननीय उच्च न्यायालय के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।

9-स्थानीय समाचार पत्र मे प्रकाशनार्थ ।

26/8/22	26/8/22	26/8/22
(अशोक कुमार दूबे-II),	**(अजय कुमार),**	**(इन्दिरा सिंह),**
सदस्य,	सदस्य,	अध्यक्ष,
नीलामी समिति,	नीलामी समिति,	नीलामी समिति,
जनपद न्यायालय,	जनपद न्यायालय,	जनपद न्यायालय,
देवरिया ।	देवरिया ।	देवरिया ।